## एक नजर

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पूरनपुर।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती की ननिहाल थाना घुंघचिहाई क्षेत्र में है। पांच फरवरी को युवती अपने मामा के यहां आई थी। 8 फरवरी को माधोटांडा क्षेत्र के गांव भग्गा का रहने वाला जुगनू अली युवती को बहला फुसलाकर ले गया। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जुगनू अली, बिलाल समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ब्लॉक प्रमुख ने सुनीं समस्याएं

**अमरिया।** ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने शनिवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। इस दौरान ग्रामीणों ने आवास, सफाई समेत अन्य समस्याओं से जुड़े प्रार्थना पत्र उनके समक्ष रखे। ब्लॉक प्रमुख ने बारी-बारी से सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी की समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

### युवक को घेरकर पीटा धमकाया

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी अजय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह निजी कार्य निपटाकर पांच फरवरी को घर लौट रहे थे। रास्ते में निहाल वाल्मीकि और विनीत ने उन्हें रोक गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोपियों ने एससी एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने और देख लेने की धमकी दी। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### ट्रांसफार्मर में खराबी से बिजली गुल

**पीलीभीत।** शनिवार को मुख्य बाजार के आसपास की सप्लाई बाधित हुई। एक ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इसके चलते केसरी सिंह, बाजार, चावला चौराहा के 200 से अधिक घरों की बिजली दोपहर दो बजे गुल हो गई। उपभोक्ताओं ने शिकायत की। जिसके बाद टीम भेजी गई। इसका सुधार कार्य कराया गया। शाम पांच बजे सप्लाई शुरू की जा सकी।

# वार्ड ब्वॉय फरमा रहे आराम, तीमारदार खींच रहे स्ट्रेचर

## मेडिकल कॉलेज में नहीं सुधरे हालात, अव्यवस्थाएं हावी, महिला और पुरुष अस्पताल में भी बेपटरी हालात, लिफ्ट पड़ी बंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी के बाहर सड़क पर प्रसव कराने के मामले में हुई किरकिरी के बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ है। जिनको सुधारने के लिए अफसरों की ओर से कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। नवजात की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में लापरवाही कम होने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि अस्पताल की लिफ्ट खराब है। तैनात वार्ड ब्वॉय अपनी जिम्मेदारी को सही से नहीं निभा रहे हैं। ऐसे में अस्पताल में भर्ती मरीजों और घायलों को संबंधित कक्ष से लाने और ले जाने के लिए तीमारदारों को ही स्ट्रेचर खींचना पड़ता है। कहने के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं है।

अमृत विचार की टीम ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज के पुरुष और महिला विंग में भर्ती मरीज और आने वाले मरीजों की पड़ताल की तो व्यवस्थाएं बेपटरी मिलीं। वार्ड ब्वाय नहीं बल्कि तीमारदार स्ट्रेचर पर मरीजों को खींचते हुए दिखाई दिए। एमसीएच विंग में संचालित महिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लगी लिफ्ट कई साल से खराब पड़ी है। जिस कारण गर्भवती महिलाओं के परिवार वालों को चार मंजिल तक मरीजों को ले जाने के लिए खुद ही व्हीलचेयर खींचनी पड़ रही है। कहने को तो वार्ड ब्वाय कार्यरत हैं। मगर वह दिखाई नहीं देते। बीसलपुर के गांव जसोली दिवाली की रहने वाली प्रवेश देवी पत्नी मुकेश कुमार का पांच दिन पहले ऑपरेशन किया था। जिसके बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया। जांच करने के लिए उन्हें भूतल पर लेकर आना था। मगर वार्ड ब्वाय नहीं मिलने और लिफ्ट खराब होने की वजह से पति को ही व्हील चेयर खींचनी पड़ी। इसी तरह दिन कई तीमारदार अपने मरीज को व्हील चेयर और स्ट्रेचर पर ले जाते दिखे।



स्ट्रेचर पर घायल गंगाराम को पट्टी कराने के लिए ले जाते परिजन। ● अमृत विचार



मरीज को खुद ही व्हीलचेयर पर ले जाता परिवार।



गर्भवती प्रवेश देवी को ले जाते पति मुकेश कुमार।

**10** वार्ड ब्वॉय पुरुष अस्पताल में हैं तैनात

**06** वार्ड ब्वॉय महिला अस्पताल में हैं

### इमरजेंसी भी बदहाल, तीमारदार ही मददगार

मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भी सुधार नहीं दिखा। न्यूरिया थाना क्षेत्र के टाह गांव निवासी 80 वर्षीय विदेशीराम लंबे अरसे बीमार चल रहे हैं। वह चल नहीं पा रहे थे। इस पर वह दिखाने के लिए पहुंचे थे। उन्हें व्हीलचेयर की आवश्यकता पड़ी। उनके परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ से व्हीलचेयर लेकर आने के लिए कहा तो स्टाफ ने उन्हें व्हीलचेयर थमाकर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली। फिर परिजन खुद ही उन्हें डॉक्टर के चैंबर से लेकर सीटी स्कैन रूम तक लेकर गए।

### पट्टी कराने को परिवार वालों ने खींचा स्ट्रेचर

दियोरिया कला क्षेत्र के गांव पैनिया हिम्मतनगर निवासी गंगाराम अपने खेत में फिसलकर गिर गए थे। वहां लगे लोहे के तार से उनकी जांघ की खाल कट गई। जिसका इलाज करने के लिए वह पुरुष इकाई में पहुंचे थे। उनके साथ में परिवार वाले भी मौजूद थे। पहले परिवार वालों ने पर्चा बनवाया। जिसके बाद मरीज को ले जाने के लिए स्ट्रेचर मांगा। मगर स्टाफ ने अनसुना कर दिया। इसके बाद किसी तरह स्ट्रेचर की व्यवस्था करने के बाद वह उसे स्वयं ही खींचकर डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे।

एमसीएच विंग में लगी लिफ्ट को ठीक कराने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र लिखा है। साइन बोर्ड भी लगवाए जा रहे हैं। ताकि मरीजों को दिक्कत न हो। समस्त वार्ड ब्वाय को निर्देश दिए गए हैं कि वह मरीजों का ध्यान रखें। अगर कोई तीमारदार स्ट्रेचर खींचता हुआ मिला तो कार्रवाई की जाएगी।

**- डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

## मेधावी और जैनब नूर चुनी गईं मिस फ्रेशर

**पीलीभीत, अमृत विचार:** पुष्प इंस्टीट्यूट में बीएससी विभाग की ओर से फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एसपीएस संधू, निदेशक अनुज भटनागर, रचना भटनागर, प्राचार्य डॉ. मोहम्मद सलीम और उप प्राचार्या डॉ गीतिका शुक्ला ने कराई। छात्रा कुमकुम, ज्योति भारती, रिंकी, रिश्वि, तनिष्का और अंशिका के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। छात्रा गुनगुन, शिवानी, काजल, रिंकी ने सोलो डांस को किया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मेधावी गंगवार और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा जैनब नूर को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया।




फ्रेशर पार्टी में चुनी गई मिस फ्रेशर मेधावी और जैनब नूर।

## दिसंबर का वेतन न मिलने से चीनी मिल कर्मियों में आक्रोश

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल के अस्थायी कर्मचारियों का वेतन भुगतान न होने से आक्रोश पनपने लगा है। हालात ये हैं कि दिसंबर माह तक का भुगतान न होने से कुछ कर्मचारी काम छोड़कर घर जाने को विवश हैं। वेतन भुगतान को लेकर शुक्रवार की रात को कर्मचारियों ने ठेकेदार की टीम के समक्ष आक्रोश दर्ज कराया। मिल प्रबंधन ने जेएम पोर्टल के ठेकेदार को अति शीघ्र वेतन भुगतान करने को कहा है। भुगतान न होने की स्थिति में फर्म के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

इस बार चीनी मिल ने जेएम पोर्टल पर पंजीकृत फर्म के साथ संविदा और मस्टररोल कर्मचारियों को रखने का करार किया है। कर्मचारी इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन तत्कालीन प्रबंधन के आगे वे बेबस रहे। फर्म को जिम्मेदारी मिलने के बाद एक मिलकर्मी के साथ मारपीट का विवाद सामने आया था। बाद में वेतन की झंझट बनी है। कर्मचारियों का कहना है कि कई कर्मचारियों को नवंबर और दिसंबर माह का वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए मिल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति में कर्मचारियों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। वेतन के संबंध में जो भी समस्या बनी है उस संबंध में वार्ता की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने की स्थिति में काम करना मुश्किल है।

## मकान मालिक पर पुलिस की मदद से बेघर करने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मोहल्ला काला मंदिर निवासी गोदावरी पत्नी बबलू ने बताया कि वह आठ साल से एकता नगर कालोनी के एक मकान में दो हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर परिवार संग रह रही है। आगामी डेढ़ साल का किराया भी दे चुकी है। शनिवार दोपहर पति काम पर गए थे। घर पर 20 वर्षीय पुत्री पूजा के साथ थी। आरोप है कि इस बीच मकान मालिक 10-15 लोगों को लेकर आया और घर का सामान बाहर फेंक दिया। मां-बेटी को पीटा और कुत्ते को भी मार दिया। चौकी इंचार्ज मौके पर गुंडई कराते रहे। जब वह थाने गई तो भी किसी ने नहीं सुनी। फिर एसपी आवास गई लेकिन किसी से मिलने नहीं दिया।

## सीएचसी पर बांटी एल्बेंडाजोल, किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर पेट के कीड़े मारने वाली और फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवा खिलाने की शनिवार से शुरुआत की गई। पहले दिन चार सीएचसी पर अभियान शुरू कर जनप्रतिनिधि, उनके प्रतिनिधि व अफसरों ने दवा का वितरण किया। साथ ही लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक किया गया।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार से की गई। पहले दिन सीएचसी न्यूरिया, बरखेड़ा, बिलसंडा और पूरनपुर में शुरुआत की गई। पूरनपुर में एसडीएम राजेश शुक्ला और विधायक के पुत्र ऋतुराज पासवान ने बच्चों और अन्य लोगों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट वितरण कर उन्हें इस बीमारी के बारे में जागरूक किया। पूरनपुर में कुल 3,61,197 लोगों को दवा खिलाई जाएगी। जहां 279 टीमें लगाई गई हैं। इसके अलावा कुर्रेया में 90 टीमें लगी हैं, जोकि 1,16,511 लोगों को दवा खिलाएंगी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार ने बताया कि फाइलेरिया के खिलाफ अभियान शुरू हुआ है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-कुर्रेया खुर्द कलां में भाजपा नेता आशुतोष दीक्षित-राजू ने फाइलेरिया अभियान का आरंभ किया। ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर परिवार को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान केंद्र प्रभारी डॉ. छत्रपाल, प्रधान संघ के प्रभारी अरविंद वर्मा साधु, आशु मिश्र, अचलेन्द्र मिश्र, सुनील मिश्र मौजूद रहे। इधर, बरखेड़ा सीएचसी पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार, एसीएमओ डॉ. हरिदत्त सिंह नेमी, एमओआईसी डॉ. लोकेश गंगवार और जिला मलेरिया अधिकारी राजीव मौर्या ने सीएचसी पर लोगों को टेबलेट वितरण किया। बिलसंडा सीएचसी पर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, एसीएमओ डॉ. छत्रपाल सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी पंकज द्विवेदी ने किया। न्यूरिया सीएचसी पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने अभियान की शुरुआत कराई। जहां लोगों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई।



बरखेड़ा सीएचसी में दवा का वितरण करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार और एसीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी। ● अमृत विचार

**अब टीमें घर-घर बांटेंगी दवा बनाई गईं 1082 टीमें**

## व्यापार मंडल ने डकैती खोलने को दिए और सात दिन




व्यापार भवन में बैठक करते व्यापार मंडल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर में डकैती को लेकर उग्र आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए व्यापार मंडल की ओर से बुलाई गई बैठक में व्यापारियों की ओर से पूरनपुर डकैती के खुलासे के लिए और सात दिन का समय पुलिस को दे दिया गया। एसपी से भी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।

बरेली गेट चौराहा के पास स्थित व्यापार भवन में पूर्व नियत कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक शनिवार दोपहर हुई। जिसमें शहर, पूरनपुर के अलावा बिलसंडा, बरखेड़ा समेत कई स्थानों से व्यापारी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री शैली अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी समेत कई पदाधिकारियों में आगे की रणनीति को लेकर मंथन चला। पूरनपुर में हुई 40 लाख की डकैती के पीड़ित सुनील गुप्ता भी शामिल हुए। चोरियों के खुलासे को देखते हुए पुलिस को डकैती खोलने के लिए सात और दिन देने का निर्णय लिया गया। इसके बाद पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी अतुल शर्मा से मुलाकात की। एसपी ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।

## फेयरवेल पार्टी कर 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में शनिवार को हवन और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक ने शुरुआत कराई। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक डांस प्रस्तुत किया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को टाईटल्स दिए गए। पूर्व हेड ब्वाय विराज अग्रवाल और पूर्व हेड गर्ल्स अनन्या सिंह ने बिताए हुए यादगार पलों का जिक्र किया। इसके बाद स्कूल के स्टाफ ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्रा राशि, आद्या, दिव्यांशी, सक्षम, प्रखर, प्रसून, समृद्धि, मंतेश्वर, शालक्य, सिद्धि, संसरिति, श्रेया, पारस, अंकेश, तरुण, प्रभु, शुभ, रुद्रांश, आर्यन, इशिता, वनीषा, अदवय, कोमल, लवप्रीत, रिचा मौजूद रहे।

## जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स की 7वीं अध्यक्ष बनीं गरिमा बंसल



साइकिल भेंट करने के दौरान छात्राओं संग पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**छात्राओं को साइकिल और पाठन सामग्री भेंट कर की शुरुआत**

**अमृत विचार :** जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स की सातवीं अध्यक्ष के तौर पर गरिमा बंसल ने शपथ ग्रहण की। शुक्रवार रात एक होटल में सातवां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरदित्त सिंह सैहमी मुख्य अतिथि रहे। गोरखपुर से आई मंडलाध्यक्ष वसुंधरा सिंह, पूर्व मंडलाध्यक्ष नितिन कौशिक विशिष्ट अतिथि रहे।

अध्यक्ष गरिमा बंसल ने कहा कि जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स नारी सशक्तिकरण, समाज उत्थान व व्यक्तित्व विकास के कार्यों के लिए निरंतर अग्रसर रहेगा। इसकी शुरुआत वीरांगना अवन्ती बाई विद्यालय की मेधावी छात्राओं को साइकिल व पाठन सामग्री भेंट करके की। इस दौरान अपनी कार्यकारिणी को भी शपथ ग्रहण कराई। संचालन बार्बी अग्रवाल ने किया। इस मौके पर निधि अग्रवाल, मोनिषा बग्गा, स्मारिका गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, लवी, सोनिया, पूजा आदि रहीं।

## सार-संक्षेप

### एथलेटिक मीट में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल में एथलेटिक मीट का आयोजन हुआ। एथलेटिक मीट की शुरुआत प्रबंधक गुरदित सिंह सैहमी ने मशाल जलाकर की। कक्षा एक व दो के बच्चों की जलेबी रेस, हर्डल रेस, स्पून रेस और लैग रेस आयोजित की गई। वहीं कक्षा तीन, चार और पांच के छात्र-छात्राओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और हार्डल रेस हुई। इन प्रतियोगिताओं में तनुज, आकर्ष, अदनान, नवीन, तौहीद, शुभम, हूर, फातिमा शहजि, रंजो, खदीजा, विन, मंसीरत, दृश्य मोहन और हंसिका पहले स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भावना कौशिक, अनव मलिक, आकांक्षा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### रस्साकसी में इंटीग्रिटी हाउस रहा विजेता



**पीलीभीत।** इनीशियम ग्लोबल स्कूल की ओर से रन फॉर फन का आयोजन शनिवार को किया गया। कक्षा आठ तक के सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्लेग्रुप के बच्चों की होल्ड एंड रन रेस और स्वॉर्ड रेस कराई गई। जिसमें अगमजोत और हमदान ने बाजी मारी। कक्षा प्री नर्सरी में हर्डल रेस और पिक एंड रन रेस हुई। जिसमें दक्ष पल और सुहाना अली प्रथम स्थान पर रहे। नर्सरी की बैलून बैलेंसिंग में अरनब सिंह विजेता रहे। केजी की रिले रेस और होप एंड रन रेस में सुमित पाल ने जीत हासिल की। कक्षा एक के बच्चों की बैलेंस रेस में ग्रीन हाउस के कपिल ने बाजी मारी। कक्षा दो की हूपला रेस में रेड हाउस के युवराज प्रथम रहे। कक्षा तीन में येलो हाउस के जदान प्रथम, कक्षा चार के क्रेब रेस में ग्रीन हाउस के अनवर विजेता रहे। ह्यूमिलिटी, ग्रेटिट्यूड, कंपैशन और इंटीग्रिटी हाउस के बीच रिले रेस और रस्साकसी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें इंटीग्रिटी हाउस विजेता चुना गया। प्रधानाध्यापिका रितिका धमेजा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### फूलों की होली से दिखी वृंदावन की झलक



**पीलीभीत।** कांवरथी सेवा दल की ओर से प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में आयोजित महारुद्रयज्ञ और श्रीमद भागवत कथा का समापन शुक्रवार देर रात हुआ। शनिवार को मंदिर में भव्य भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें वृंदावन की झलक दिखाई दी। कथावाचक कार्ष्णि स्वामी श्री चैतन्य महाराज ने सुदामा चरित्र, शुकदेव की विदाई की कथा सुनाई गई। भक्तों को शुकदेव के जन्म के बारे में बताया। अंतिम दिन उत्सव स्थल पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्रीगौरीशंकर बाबा का अलौकिक श्रंगार देखते बन रहा था। फूलों की होली खेली गई, जिसमें सारा पंडाल झूमने लगा। नगर पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने भी फूलों की होली में शामिल हुई। शनिवार दोपहर 12 बजे से भंडारा शुरू हुआ, जोकि देर शाम तक चला। इस मौके पर राधिका अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, पुष्पा देवी, करुणा शर्मा, संतोष राघव, राजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली से आई युवती को पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे एक युवती पीलीभीत रोडवेज पहुंची थी। उसका कहना था कि उसका मोबाइल चोरी हो गया है। अपना आधार कार्ड आदि भी नहीं दिखा सकी। वह खुद को बालिग बता रही है।

पूछने पर लोगों को बताया कि वह पूर्व में राजस्थान में काम करती थी। वहां उसकी मुलाकात सुनगढ़ी क्षेत्र के भिकारीपुर की रहने वाली कुछ लड़कियों से हुई थी। फिर वह काम करने दिल्ली आ गई। माता-पिता की मौत हो चुकी है और अन्य रिश्तेदार अपने पास रखते नहीं है। वह सहेलियों से मिलने आई है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे वन स्टॉप सेंटर ले गई। युवती खुद को बालिग बता रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चाय पर चर्चा: महिलाओं ने सुनाई आत्मनिर्भर बनने की कहानी




उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**विभिन्न कैडरों की 370 महिलाओं ने लिया भाग**

**अमृत विचार :** शक्ति वंदन अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने आत्मनिर्भर बनने की कहानी से रूबरू कराया। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 44 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शहर के गांधी प्रेक्षागृह में शनिवार को चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने किया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी कहानी अपनी जुबानी के तहत विभिन्न समूहों में काम कर आत्मनिर्भर बनने वाली महिलाओं ने अपने द्वारा किए गए कार्यों से सभी को रूबरू कराया। अपनी आजीविका एवं समूह संगठन के बारे में विस्तार से बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 44 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एनआरएलएम के परियोजना अधिकारी जेसी जोशी ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में समूह सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कोटेदार, शौचालय केयरटेकर समेत 370 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह, खंड विकास अधिकारी मृदुला सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।




### हट्स व नेचर कैंपिंग टेंट बनकर तैयार, किड्स जोन में एडवेंचर्स गेम का मजा ले सकेंगे बच्चे

# नेचर कैंपिंग का मजा लेना है तो अब सप्त सरोवर आइए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज का सप्त सरोवर पर्यटकों का नया ठिकाना बनेगा। यहां दो हटों का निर्माण कराया जा चुका है। नेचर का लुत्फ उठाने के लिए दो नेचर कैंपिंग टेंट भी तैयार किए गए हैं। बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया गया है। वन अफसरों की मानें तो अगले माह इन हटों की बुकिंग भी शुरू करा दी जाएगी।

देश समेत विदेशों में पहचान दिलाने वाला पर्यटन स्थल टाइगर रिजर्व और महोफ रेंज स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच प्रकृति की अनमोल धरोहर माना जाता है। अपनी जैव विविधता के चलते यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के अलावा वैश्विक स्तर के पक्षी आदि भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी हर साल पर्यटक पहुंचते हैं। वर्तमान पर्यटन सत्र 15 नवंबर से शुरू हो चुका है। पर्यटकों को लुभाने के लिए हर साल की तरह इस बार भी चूका बीच को खासा सजाया संवारा गया है। पर्यटकों के ठहरने के लिए यहां चार थारू हट, एक अरण्य कुटी, एक बैंबू हट और एक वाटर हट है। पीटीआर के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस बार चूका बीच के इतर बराही रेंज के जंगल क्षेत्र में बने सप्त सरोवर (सात झाल) को भी विकसित किया गया है। पर्यटकों को खास सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए यहां करीब 82 लाख रुपए से काम कराया गया है।

चूका बीच की तरह ही सप्त सरोवर भी नए टूरिज्म स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। पर्यटकों के ठहरने के लिए यहां दो हट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा नेचर को करीब से निहारने के शौकीनों के लिए दो नेचर कैंपिंग टेंट भी बनकर तैयार हो चुके हैं। पर्यटकों के सुविधा के लिए रिसेप्शन एवं वेटिंग रूम भी बनाया गया है। पर्यटकों के साथ आने वाले बच्चों के लिए किड्स जोन तैयार किया गया है। जहां बच्चे कई तरह के एडवेंचर गेम खेल सकेंगे।


सप्त सरोवर पर बनाए गए नेचर कैंपिंग टेंट। ● अमृत विचार


बच्चों के लिए बनाया गया किड्स जोन। ● अमृत विचार

**▸▸ अगले माह तक शुरू हो जाएगी हट्स की बुकिंग**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सप्त सरोवर को विकसित किया जा रहा है। हटों के अलावा यहां नेचर कैंपिंग की भी व्यवस्था की गई है। किड्स जोन भी तैयार किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। अगले माह से बुकिंग भी शुरू करा दी जाएगी।
**- नवीन खंडेलवाल, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर**

## दो पक्षों में मारपीट मामले में नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र के ढकिया जलालपुर गांव में ट्रॉली हटाने को लेकर हुए दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। करेली थाना क्षेत्र के गांव ढकिया जलालपुर निवासी शील कुमार सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार को वह गांव में ट्राली में गन्ना भरवा रहे थे। इस बीच दिलबाग सिंह और उसके साथियों ने ट्राली हटाने को कहा। कुछ देर रुकने के लिए कहा तो हमला कर पिटाई कर दी। आरोप है कि फायरिंग भी की। पुलिस ने दिलबाग सिंह, कुलविंदर, अजमेर सिंह, बक्शीश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। जबकि दूसरे पक्ष से अजमेर सिंह की ओर से राजेंद्र सिंह, विपिन सिंह, सुशील कुमार सिंह, जसवीर सिंह एवं श्याम पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### रहस्यमय ढंग से युवक लापता, परिजन परेशान



**बीसलपुर :** रहस्यमय ढंग से एक युवक लापता हो गया। कई जगह तलाशने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं लग सका है। परिवार ने पुलिस से बेटे की बरामदगी की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी मोहम्मद हनीफ ने शनिवार को बीसलपुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद वारिस आठ फरवरी को घर से बिना बताए कहीं चला गया। काफी देर बाद भी न आने पर तलाशना शुरू किया, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। नौ फरवरी को कॉल कर युवक ने खुद के बरेली में होने की जानकारी दी। परिजन बरेली गए लेकिन वहां भी वह नहीं मिला और फोन ऑफ हो गया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

### शिविर में बताए एचआईवी से बचाव के उपाय

**बीसलपुर :** मोहल्ला दुबे में शनिवार को एचआईवी संक्रमित मरीजों के लिए चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में बताया। कुछ लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। आईसीटीसी काउंसलर नीलम रजक ने बताया कि एचआईवी संक्रमित मरीजों से भेदभाव नहीं करना चाहिए। ऐसे लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सावधानी ही एचआईवी से बचाव है। बीसलपुर अस्पताल में संदिग्ध लोगों की नि:शुल्क जांच होती है। संक्रमित मिले मरीजों को दवा दी जाती है। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर टीआई माधुवन राय कंचन, आशा रेखा रानी, मीना शर्मा आदि मौजूद रही।

# हेलो मां...हमको नहीं मिलेगा इंसाफ, जहर खाकर दे रहा हूं जान

### जहर खाने से चंद मिनट पहले ही प्रदीप ने की थी परिजनों को कॉल, स्ट्रेचर समेत इमरजेंसी से खींचकर ले जाते रहे परिजन स्टाफ ने बमुश्किल समझाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एसपी आवास के बाहर बेसुध हालत में मिले प्रदीप को बचाने के लिए किए गए तमाम प्रयास नाकाफी साबित हुए। बेहतर इलाज के लिए परिवार की चिंता और आक्रोश भी कई बार दिखाई दिया, लेकिन अंत में बरेली ले जाते समय युवक की मौत हो गई। अब परिवार की मांग है कि युवक की मौत के पीछे जिम्मेदार उसकी पत्नी व उसके मायके वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस भी निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। परिवार की मानें तो पुलिस उनकी सुनवाई करने के बजाय टालती रही, जब न्याय की आस मिट गई, तब जाकर बेटे ने आत्मघाती कदम उठाया। जान देने से पहले उसने परिवार को भी कॉल कर इसकी जानकारी दी।

नौगवां पकड़िया निवासी ओमवती ने बताया कि उनके बेटे प्रदीप की शादी के कुछ समय बाद से ही पुत्रवधू के परिवार ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। उनका आरोप है कि पहले भी कई लोगों को इसी तरह से ब्लैकमेल किया जा चुका है। बेटे को बुरी तरह प्रताड़ित किया था। कई बार मारपीट भी की गई। शुक्रवार को भी बेटे की पिटाई की गई थी। उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। करीब तीन दिन से प्रदीप बहुत ज्यादा परेशान हो गया था। शनिवार सुबह घर से काम पर जाने के लिए निकलते वक्त उसने कहा था कि वह एसपी से शिकायत करने जाएगा, ताकि न्याय मिल सके। मगर दोपहर में अचानक बेटे की कॉल आई। वह रोते हुए कह रहा था कि हमको कहीं से न्याय नहीं मिल सकेगा, इसलिए जहर खाकर जान दे रहा हूं। यह बात सुनकर परिवार वाले परेशान होकर उसकी तलाश को निकल पड़े थे। बाद में पता चला कि उसे पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची है। बेटे को बेसुध हालत में देख परिजन में चीख पुकार मच गई। परिवार की महिलाएं कई बार इमरजेंसी से स्ट्रेचर समेत प्रदीप को बाहर निकालती रहीं। उनका कहना था कि यहां ठीक इलाज नहीं मिल पा रहा है। उसे लेकर निजी अस्पताल जाएंगी। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। एंबुलेंस आ गई थी और बरेली ले जाने की तैयारी थी। इस पर भी एक बार फिर परिजन स्ट्रेचर से प्रदीप को उठाकर निजी अस्पताल ले जाने के लिए दौड़ पड़े। फिर एंबुलेंस से उसे निजी अस्पताल भिजवाया। करीब एक घंटे तक इमरजेंसी में हंगामा होता रहा। सुनगढ़ी इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला जिला अस्पताल पहुंचे और परिवार से जानकारी की।


जिला अस्पताल में विलाप करता मृतक प्रदीप का परिवार। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार


मृतक की बहन मोनी से जानकारी करती सुनगढ़ी पुलिस। ● अमृत विचार

### 2 दिन पहले पत्नी ने दी थी तहरीर

सुनगढ़ी पुलिस की मानें तो पत्नी ने दो दिन पहले ही प्रदीप व उसके परिवार वालों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसमें दहेज उत्पीड़न समेत अन्य आरोप लगाए गए थे। इसकी जांच पुलिस कर रही थी। बताते हैं कि एक दिन पहले भी प्रदीप इस जांच को लेकर सुनगढ़ी थाने गया था। उस वक्त इंस्पेक्टर मौजूद नहीं थे। इसकी जानकारी भी प्रदीप ने फोन कर कुछ रिश्तेदारों को दी थी। कुछ देर बाद वह थाने से वापस आ गया था।

### परिवार को घर से मिला एक पत्र

प्रदीप के परिवार की मानें तो पत्नी व उसके मायके वालों की प्रताड़ना के कई साक्ष्य हैं। कॉल रिकार्डिंग के अलावा प्रदीप द्वारा लिखा एक पत्र भी घर से मिला। जिसमें उसने लिखा था कि तीन फरवरी को वह ससुराल गया। वहां पर उसे गलत साबित करने पर जोर दिया गया और फिर मारपीट की। पांच लाख रुपये देकर तलाक लेने की बात कही गई। जहानाबाद थाने गया तो शाही चौकी भेज दिया गया। मगर सुनवाई नहीं हुई। सात फरवरी को नौगवां चौराहा पर फोन पर पत्नी से बात हुई लेकिन उसमें भी धमकी दे दी गई कि पांच लाख नहीं दिए तो पूरा परिवार जेल जाएगा।

### तीन भाइयों में मझला था प्रदीप

जहर खाकर खुदकुशी करने वाला प्रदीप तीन भाइयों में मझला था। बड़ा भाई नरेंद्र और छोटा सचिन है। उसके दो बहनें मोनी, लक्ष्मी हैं। छोटे भाई को छोड़ सभी विवाहित हैं। परिवार की मानें तो प्रदीप ने कुछ दिन पहले ही कलेक्ट्रेट के किसी अफसर की गाड़ी पर बतौर निजी चालक काम करना शुरू हुआ था। मजिस्ट्रेट लिखी चार पहिया गाड़ी है। हालांकि वह किसके यहां काम करता, इसके बारे में परिवार स्पष्ट नहीं बता सके।

### ...तो कलेक्ट्रेट में खाया जहर

पुलिस की ओर से देर शाम एक वीडियो बयान सीओ सिटी की ओर से जारी किया गया। जिसमें एसपी आवास के बाहर जहर खाने की बात को गलत बताया गया। इसमें कहा कि कलेक्ट्रेट में प्रदीप ने जहर खाया था। जैसे ही इसकी सूचना मिली तो पुलिस द्वारा उसे जिला अस्पताल भिजवाया गया था।

### बारादरी पुलिस करा रही पोस्टमार्टम

परिवार ने बताया कि हालत गंभीर होने पर प्रदीप को बरेली ले जा रहे थे, कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मगर जिंदा होने की आस में वह बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर बरेली की बारादरी पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि सुनगढ़ी पुलिस का भी एक सिपाही एंबुलेंस में परिवार के साथ गया था।

### शाम को पत्नी ने भी खाया जहर, बरेली ले गए परिजन

दिन में पति ने जहर खाकर जान दे दी। इसे लेकर परिवार वाले पत्नी और मायके वालों पर आरोप लगा रहे थे। वहीं, शाम को पत्नी ने भी घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। बताते हैं कि आनन-फानन में उसके मायके वाले सीधे इलाज के लिए बरेली ले गए। इंस्पेक्टर जहानाबाद मुकेश शुक्ला ने बताया कि शाम करीब पांच बजे के बाद लड़की के जहर खाने की सूचना कुछ ग्रामीणों से मिली थी। उसे परिवार वाले अपने साथ बरेली ले गए थे। पुलिस को किसी तरह की सूचना फिलहाल उनके द्वारा नहीं दी गई है। इसकी जांच करा रहे हैं।

## सहकारी संघ के रास्ते में दीवार खड़ी करने पर हंगामा, रुका निर्माण

संवाददाता, पूरनपुर

**▸▸ जमीन सुरक्षित करने के लिए चारदीवारी करा रहा था पूरनपुर सहकारी संघ**

**▸▸ संघ के रास्ते वाली भूमि पर एक पक्ष ने किया दावा, उठाई दीवार**

**अमृत विचार :** सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का खेल धड़ल्ले से जारी है। तालाब, बाजार, ग्राम समाज की भूमि कब्जाने की शिकायतें तो स्थानीय प्रशासन तक पहुंच ही रही हैं। इस बीच नगर के पूरनपुर सहकारी संघ-बीज भंडार की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। एक पक्ष ने संघ की मार्ग वाली भूमि की रजिस्ट्री का दावा करते हुए दीवार खड़ी कर दी। इससे सहकारी संघ का रास्ता ही बंद हो गया है। विवाद सामने आने पर प्रशासन ने निर्माण रुकवा दिया है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान में सहकारी संघ का भवन बना है। संघ की बाकी जमीन खाली पड़ी है। संघ के लिए मुख्य मार्ग से एक चौड़ा रास्ता है। जहां ब्लॉक से मिले करीब नौ लाख रुपये के एक प्रोजेक्ट के तहत चारदीवारी निर्माण का काम चल रहा है। सरकारी निर्माण कार्य के बीच आयुष पांडेय नाम के एक पक्ष ने रास्ते वाली जमीन पर अपनी रजिस्ट्री का दावा कर दिया और सोमवार को रास्ते के बीच में दीवार बनाकर खड़ी कर दी। संघ ने इस मामले में स्थानीय प्रशासन और पुलिस में शिकायत की। आरोप लगाया कि कब्जेदारों ने सरकारी निर्माण सामग्री से दीवार उठाई है। दोनों पक्ष थाने में पहुंचे और अपना-अपना पक्षा रखा। भूमि के स्वामित्व से जुड़े कागजात दिखाए। संघ का दावा है कि 1965 में इसके गठन के वक्त दो संपत्तियां खरीदी गई थीं। जिसमें एक संपत्ति 26 डेसिमल है, जबकि दूसरी नौ डेसिमल। नौ डेसिमल रास्ते के लिए उपयोग की जाती है। वहीं, आयुष पांडेय का कहना है कि उन्होंने प्लॉट की रजिस्ट्री कराई है। जमीन उन्हीं की है। संघ का रास्ता दूसरी तरफ था। बता दें कि कुछ वर्ष पहले भी इसी मार्ग की भूमि को लेकर विवाद सामने आ चुका है। जमीन की चारदीवारी कराने के लिए ब्लॉक से सहयोग मांगा गया था। इसके लिए ब्लॉक से करीब नौ लाख रुपये का बजट मंजूर हुआ। टेंडर के बाद ठेकेदार चारदीवारी निर्माण करा रहा है, जहां ये विवाद सामने आ गया।

-संघ के पास भूमि से जुड़े जो दस्तावेज हैं, उन्हें प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उच्चाधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है।
**-संजय सिंह,** प्रभारी सचिव पूरनपुर सहकारी संघ

-सहकारी संघ की तरफ से निर्माण कार्य चल रहा है। एक पक्ष ने रास्ते वाली भूमि पर अपना दावा करते हुए कुछ निर्माण शुरू कराया था। शिकायत पर निर्माण कार्य रुकवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।
**- अभिषेक त्रिपाठी** नायब तहसीलदार पूरनपुर

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर ग्रंथ निवासी प्रवेश कुमार अपने साथी सुखपाल के साथ बाइक पर सवार होकर दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव रिश्तेदारी में गए थे। शुक्रवार रात वापस आ रहे थे। बीसलपुर-दियोरिया रोड पर मानपुर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

जिसमें दोनों घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बीसलपुर ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की।

## पुलिसकर्मी के बेटे के नामकरण में नर्तकियों के डांस का वीडियो वायरल

संवाददाता, पूरनपुर

**▸▸ वीडियो वायरल होने पर धमकाने का आरोप**

**अमृत विचार :** बेटे के नामकरण संस्कार की दावत में एक पुलिसकर्मी ने नर्तकियों के ठुमके लगवाए। डांस के दौरान नोटों की बारिश हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। जिसमें धमकाने के भी आरोप लगाए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक पुलिसकर्मी है। वह दूसरे जनपद में तैनात है। बीती आठ दिसंबर को पुलिसकर्मी के बेटे का नामकरण कार्यक्रम एक पैलेस में था। आरोप है कि वहां हाइबेस के डीजे पर नर्तकियों को नचाया गया। रात भर ठुमके लगे जिसमें नोट भी उड़ाए गए। दावत में मौजूद कुछ लोगों ने डांस का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। अब गांव के ही रविंद्र कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। आरोप है सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद कांस्टेबल ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है। वह ग्रामीणों पर रौब झाड़ रहा है। रविंद्र ने पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में दो युवक घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बीसलपुर क्षेत्र के गांव जोगीठेर निवासी 31 वर्षीय दीपक शर्मा ने बताया कि उसने थाना बिलसंडा के गांव मैनी निवासी रामकुमार से पुरानी बाइक खरीदी थी। शनिवार को दोनों युवक एआरटीओ कार्यालय में बाइक ट्रांसफर कराने के लिए आए थे। दोपहर में काम निपटाने के बाद वह वापस घर लौट रहे थे। बाइक दीपक शर्मा चला रहे थे। बरखेड़ा में बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल के केन यार्ड के पास सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

## सिखों को सिर्फ योगी सरकार ने सम्मान देने का किया काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह शनिवार को पीलीभीत पहुंचे। शहर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी की।

प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार अल्पसंख्यक समाज की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्णय ले रही है। विशेषकर सिख समाज को सम्मान देने का काम किया है। गुरुद्वारों के आसपास सौंदर्यीकरण के लिए भी धनराशि आवंटित की जा रही है। लखनऊ में खालसा पार्क की स्थापना की जा रही है। जिसमें सिख समाज की विरासत को संजोकर रखा जाएगा। अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य होने के नाते मुस्लिम नवयुवकों से भी अपील की है कि वे किसी बहकावे में न आएं। जिले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की स्थाई नियुक्ति न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री को अवगत कराऊंगा। कहा कि हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह के नाम पर स्टेडियम या पार्क का निर्माण कराने को लेकर भी मुख्यमंत्री के समक्ष मामला उठाया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने पूरनपुर क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा भगत धन्ना जी में आयोजित समागम में भी हिस्सा लिया।


अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह। साथ में अजमेर सिंह क्षीना।

## एक समाज को टारगेट कर रही धामी सरकार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद अजहरी ने शनिवार को राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा। जिसमें धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने, मुस्लिम समुदाय के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहा कि इबादतगाहों को ढहाना नाकाबिले बर्दाश्त है।

नगर के साबरी आहते के पास दर्जनों उलमा और मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित हुए। एसडीएम ने वहां पहुंचकर ज्ञापन लिया। जिसमें धार्मिक स्थलों, धर्मगुरुओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज किया है। आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार के मुखिया एक समुदाय को टारगेट कर रहे हैं। हल्द्वानी में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। मौलाना सलमान अजहरी की गिरफ्तारी, दिल्ली के महरौली में इबादतगाह को ढहाने, उत्तराखंड में धर्म संसद और राजनीतिक व धार्मिक लोगों की भड़काऊ बयानबाजी, यूपी समेत कई बिंदुओं को उठाया है। कहा कि उत्तराखंड की धर्म संसद में किस तरह की भड़काऊ बयानबाजी हुई थी। उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जबकि मौलाना सलमान अजहरी की एक स्पीच पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उलमा ने मांग उठाई कि मौलाना सलमान अजहरी को जल्द रिहा किया जाए। ज्ञानवापी मामले में पूजा स्थल अधिनियम का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल और समाज को बदनाम करने, निशाना बनाने का चलन रोका जाए। ऐसा न होने की स्थिति में हमें इंसाफ के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर हाफिज जाकिर खान नूरी, हाफिज असलम नूरी, संजय खान आदि थे।


एसडीएम राजेश शुक्ला को ज्ञापन देते हाफिज नूर अहमद अजहरी। ● अमृत विचार

**▸▸ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के नेतृत्व में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

### पुलिस पर हमला करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई

पूरनपुर। हल्द्वानी की घटना को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने कोतवाली तक विरोध मार्च निकाला। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र एसडीएम राजेश शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस-प्रशासन पर हमला करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कहा कि दंगा भड़काने वालों की नागरिकता समाप्त की जाए। उनके विरुद्ध राजद्रोह का मुकदमा दर्ज हो। उनकी संपत्ति जब्त करने की मांग उठाई। करीब आधा दर्जन कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंचे थे, जहां एसडीएम ने उनका मांग पत्र लिया। इस मौके पर गंगेश्वरनाथ दीक्षित, सुरेंद्र वर्मा, ठाकुर शिवम भदौरिया आदि थे।

## बीसलपुर में अवैध क्लीनिक स्वास्थ्य विभाग ने की सील

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नगर में अवैध रूप से संचालित हो रही क्लीनिक को सील कर दिया गया। जबकि ग्राम भसूंड़ा में टीम के पहुंचने से पहले ही झोलाछाप क्लीनिक बंद करके भाग गया।

मोहल्ला दुबे के कुछ लोगों ने सीएमओ से बीते दिनों शिकायत की थी कि मोहल्ले में होलिका दहन स्थल के समीप शर्मा क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से हो रहा है। क्लीनिक पर मरीजों के उपचार के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज ने शनिवार को नायब तहसीलदार अवधेश कुमार व पुलिस बल के साथ छापा मारा। क्लीनिक संचालक से चिकित्सा संबंधी प्रमाण पत्र मांगे तो वह वैद्य प्रमाण पत्र नहीं दिखा सके। उन्होंने जो प्रमाण पत्र दिखाए वह डिग्री देने वाला मेडिकल अस्पताल फर्जीवाड़े में पहले ही बंद हो चुका था। इस पर टीम ने क्लीनिक को सील करने के बाद संचालक को क्लीनिक संबंधी प्रमाण पत्र सीएमओ को दिखाने का नोटिस दिया। इसके बाद एक अन्य शिकायत को लेकर टीम ग्राम भसूडा में पहुंची। मगर यहां झोलाछाप क्लीनिक बंद कर पहले ही निकल गया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि एक क्लीनिक सील कर दिया गया है।दूसरे मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।


क्लीनिक सील की कार्रवाई के बाद मौजूद टीम।

## एक नजर

### 45 साल का व्यक्ति सड़क पर मिला बेहोश, मौत

**लखीमपुर खीरी।** शहर के वी 2 मॉल के पास शनिवार की सुबह एक युवक बेसुध हालत में पड़ा मिला। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त नहीं हो सकी है। सुबह कुछ लोगों ने वी 2 मॉल के पास युवक को बेहोश पड़ा देखा। मौके पर पहुंची पुलिस उसे एंबुलेंस 108 से लेकर जिला अस्पताल पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि युवक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। 45 वर्षीय युवक का शव है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**निघासन।** पुलिस ने दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 2 फरवरी को पीड़िता ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी विपिन उर्फ गोलू निवासी रकेहटी को निघासन चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मोहम्मदी वन रेंज क्षेत्र के रामपुर डाटपुर गांव में शनिवार सुबह कठिना नदी के पास बाघ के आने से दहशत

# खेत में छिपे बाघ ने गन्ना छील रहे श्रमिक पर बोला हमला

संवाददाता, ममरी

**अमृत विचार:** मोहम्मदी वन रेंज क्षेत्र के रामपुर डाटपुर गांव में शनिवार सुबह कठिना नदी के समीप गन्ना छील रहे 45 वर्षीय मजदूर छैलबिहारी पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सीएचसी गोला में भर्ती कराया गया है।



बाघ के हमले में घायल श्रमिक छैलबिहारी।



रामपुर में बाघ की लोकेशन ट्रेस करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

शनिवार सुबह ग्राम रामपुर डाटपुर निवासी 10-12 मजदूर पूर्व प्रधान हंसराम के खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे। इसी बीच गन्ने में छिपे बाघ ने छैलबिहारी पुत्र दाताराम पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। मजदूरों के शोर मचाने, आग जलाने पर बाघ छैलबिहारी को छोड़कर फिर गन्ने में घुस गया। सूचना पर पहुंचे फॉरेस्टर शिवकुमार, मित्रपाल तोमर, अभिषेक वर्मा आदि वन कर्मियों और परिजनों ने घायल मजदूर को सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मजदूर की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। बाघ के बढ़ते हमलों से क्षेत्र वासियों में एक बार फिर दहशत फैल गई। मजदूर गन्ने की छिलाई करने से घबरा रहे हैं। रेंजर नरेशपाल सिंह का कहना है कि हमले की सूचना मिली है। बाघ की निगरानी वनकर्मियों की टीम कर रही है।

**▸▸ वनकर्मियों ने कांबिग कर लोकेशन ट्रेस करने का किया प्रयास**

### बाघ ने छत पर चढ़कर कुत्ता उठाया, खेत में मिला शव

**बांकेगंज।** शनिवार की सुबह गोला पश्चिमी बीट की टांगिया फॉर्म के एक सिख के घर की छत पर चढ़कर बाघ कुत्ता उठा ले गया। सुबह उसका शव घर के पास एक खेत में मिला। शनिवार की सुबह जटपुरा बीट के ढाका गांव में तड़के 4 बजे बाघ ढाका गांव में घुस गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर गांव से भाग गया। ढाका फॉर्म निवासी मनदीप सिंह का मकान एक खेत में बना है। पूरी बाउंड्रीवाल न होने और आए दिन बाघों के घर के नजदीक दिखाई देने से परिवार अंधेरा होते ही घर में चला जाता है। कुत्ता बाहर घूमता है। उसके लिए छत पर व्यवस्था की गई है। मनदीप सिंह के मुताबिक तड़के करीब 4 बजे कुत्ते की आहट मिलना बंद हो गई। अंधेरा होने के कारण वे लोग घर से बाहर नहीं निकले। सुबह निकलकर जब परिवार के लोगों ने कुत्ते को इधर उधर देखना शुरू किया तो उसका शव घर के नजदीक खेत में मिला। छत पर जाकर देखा गया तो वहां खून दिखाई दिया। इससे यह पक्का हो गया कि कुत्ते के पीछे बाघ भी छत पर चढ़ा और वहां से कुत्ते पर हमला कर उसे खेत में उठा ले गया। करीब दो माह पहले ही बाघ पड़ोसी के कुत्ते को उठा ले गया था। श्यामपुर निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि 7 फरवरी की रात कुत्ता गेट के पास बैठा था। रात में बाघ उसे उठा ले गया था। सुबह काफी तलाश के बाद उसका शव घर से थोड़ी दूर पर खेत में मिला। इन गांवों के लोग बताते हैं कि आए दिन कोई न कोई पालतू पशु जंगली वन्यजीवों का निवाला बन रहे हैं। ऐसे में लोगों के लिए भी बाहर आना जाना कठिन हो गया है।

### मौसम साफ होने पर कक्षा एक से आठ तक स्कूलों का समय बदला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ने से स्कूलों में अवकाश घोषित होने के साथ खुलने व बंद होने के समय में परिवर्तन किया था, लेकिन मौसम साफ रहने से बेसिक शिक्षा विभाग ने फिर से स्कूलों के खुलने व बंद करने के समय में परिवर्तन किया है। बीएसए ने सोमवार से स्कूलों के संचालन की समय अवधि सुबह 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित कर दी है। इस संबंध में बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी स्कूलों के लिए आदेश जारी किया है, जिसमें कहा है कि शासन द्वारा 1 अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक स्कूल संचालन का समय निर्धारित है।

# पर्यटक स्थल निर्माण को मंगाई सैकड़ों बोरी सीमेंट बनी पत्थर

### कार्यदायी संस्था व अधिकारियों की बंदरबांट से बिजुआ में पर्यटक स्थल का निर्माण अधूरा पड़ा है, कोई सुध नहीं ले रहा

**जिम्मेदारों की लापरवाही...**

अमित गुप्ता, लखीमपुर खीरी



बिजुआ में इसी जगह बनना था पर्यटक सुविधा केंद्र। ● अमृत विचार



गोदाम में सालों से रखी सीमेंट की बोरियां, जो बन गईं पत्थर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के एकलौते दुधवा नेशनल पार्क की धरोहर संजोए खीरी जनपद में पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए समय-समय पर सरकारों ने प्रयास किए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही की वजह से पर्यटन को पंख नहीं लग सके। कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों की कमीशन लेने नीति की वजह से पर्यटन के विस्तार की नीतियां फाइलों में दम तोड़ती रहीं। जनप्रतिनिधि लेकर अफसर चुप्पी साधे रहे।

ऐसी ही बानगी बिजुआ में देखने को मिली, जहां पर करीब 12 साल पहले पर्यटक सुविधा केंद्र बनाने की पहल हुई। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम ने कुछ काम कराने के बाद इसे बंद कर दिया, उसके बाद से निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ है और सैकड़ों बोरी सीमेंट रखे-रखे पत्थर बन गया। करीब 12 साल पहले जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार स्थानों पर पलिया में टाइगर डैन, रवहीं, सिंगाही रोड निघासन और बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र बनाए जाने को तत्कालीन सरकार ने हरी झंडी दिखाते हुए चार-चार करोड़ रुपये बजट स्वीकृत किया था।

पर्यटन विभाग की देखरेख में पर्यटक सुविधा केंद्र बनाने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने पलिया, निघासन और रवहीं में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कराया, जिसमें निघासन का पर्यटक सुविधा केंद्र कुछ कमियां होने की वजह से हैंडओवर नहीं हुआ।

**▸▸ पर्यटन के विकास की संभावनाओं को सिस्टम ने लगाया पलीता**

जबकि पलिया और रवही के पर्यटक सुविधा केंद्र करीब एक साल पहले पर्यटन विभाग को हैंडओवर किए गए। बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य परवान नहीं चढ़ सका है। मौके पर आधी-अधूरी बाउंड्रीवाल बनी है। कुछ पिलर बनाए गए हैं। इसके बाद से निर्माण कार्य ठप है। साल दर साल बीतते गए, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। इसी वजह से निर्माण कार्य के लिए मंगाई सैकड़ों बोरी सीमेंट रखे-रखे खराब हो गई, जिससे सरकार को लाखों का चूना लगा है। अब यहां दोबारा काम कब शुरू होगा। इसका जवाब अधिकारियों के पास नहीं है।



पर्यटक सुविधा केंद्र में बने आधे-अधूरे पिलर। ● अमृत विचार

### निघासन में बिजली कनेक्शन समेत कुछ अन्य कार्य होने हैं

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सुचित चौधरी ने बताया कि हमारे कार्यकाल से काफी पहले पर्यटक सुविधा केंद्रों के निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया था, इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं है। दो पर्यटक सुविधा केंद्र रवहीं और टाइगर डैन पलिया के हैंडओवर हो चुके हैं। शेष निघासन में बिजली कनेक्शन समेत कुछ अन्य कार्य होने हैं। बिजुआ में बजट को लेकर समस्या होने की वजह से कार्यदायी संस्था ने कार्य बंद कर दिया था।

"खीरी में चार पर्यटक सुविधा केंद्र स्वीकृत हुए थे, जिन्हें चार-चार करोड़ की लागत से बनाया जाना था। इसमें दो का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विभाग को हैंडओवर कर दिए हैं, जबकि निघासन वाला जल्द हैंडओवर की प्रक्रिया में है। बिजुआ में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ समय बाद बंद हो गया था, जिसमें बजट को लेकर दिक्कत थी। अब दोबारा रिवाइज प्रस्ताव भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद दोबारा कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।
**-डॉ कल्याण सिंह यादव,** उप निदेशक पर्यटन

### ईंट हटाने के विवाद में मां और बेटियों को पीटा, शिकायत



विवाद में मारपीट के बाद डीएम कार्यालय पहुंचा पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना पढ़ुआ के गांव अभयपुर निवासी केवल कुमारी ने गांव के पांच लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उसने भाई की जमीन पर रखीं ईंटें हटाने के लिए कहा तो आरोपी भड़क गए और उसकी व दो बेटियों की पिटाई कर दी। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़ित महिला अपनी बेटियों के साथ डीएम और एसपी से मिली। तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव पढ़ुआ निवासी केवल कुमारी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके भाई सूरज की जगह में ईंट का ढेर लगा दिया था। उसने आरोपी विनोद से ईंटों को हटाने के लिए कहा था। इससे आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पुत्री वैष्णवी और रूपाली बचाने आई तो उसको भी जमकर मारा पीटा। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए तो आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि उसने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**▸▸ पीड़ित महिला ने एसपी और डीएम को दी शिकायत, कार्रवाई की मांग**

### व्यापारी के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कर्ज में डूबे थाना खमरिया के गांव इसवारापुरवा मजरा बेहटा निवासी अमित (25) के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी की तहरीर पर व्यापारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव इसवारापुरवा मजरा बेहटा निवासी अमित गांव बेहटा निवासी अनुराग के मुर्गा फार्म से बॉयलर मुर्गों को खरीदकर उनकी बिक्री करता था। इस धंधे में उसे लगातार घाटा हो रहा था। इस वजह से उस पर कर्ज का बोझ बढ़ता चला गया। वह व्यापारी अनुराग निवासी बेहटा के करीब डेढ़ लाख रुपए के कर्ज से दब गया। आरोप है कि व्यापारी अनुराग रुपए के लिए उसके पति पर दबाव बना रहे थे। इसलिए पति ने गन्ने के खेत में आम के पेड़ से लटक आत्महत्या कर ली। एसओ खमरिया निराला तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

**▸▸ डेढ़ लाख रुपए का था कर्ज व्यापारी बना रहा था दबाव**




# ट्रांसफार्मर: पहले फुंका, दूसरा फेल, फिर तीसरा मंगाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** छाउछ पॉवर हाउस में एक सप्ताह पूर्व फुंका 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए लाए दूसरा ट्रांसफार्मर भी फेल हो गया। शनिवार सुबह 8 बजे तीसरा ट्रांसफार्मर पहुंचा है। ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग व चार्जिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, इसके पूरे होने के बाद रात 10 बजे लोड डाला जाएगा। इससे बिजली अधिकारियों ने आधे शहर की बिजली आपूर्ति देर रात तक बहाल होने की उम्मीद जताई है।



छाउछ पॉवर हाउस में 10 एमवीए ट्रांसफार्मर में क्रेन की मदद से तेल डालते कर्मचारी।

**▸▸ शनिवार देर रात तक छाउछ पॉवर हाउस से बिजली सप्लाई बहाल होने की उम्मीद**

**▸▸ टेस्टिंग व चार्जिंग की प्रक्रिया प्रारंभ, रात 10 बजे डाला जाएगा लोड**

छाउछ पावर हाउस में 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर रविवार की रात फुंक गया था, जिससे पूरे शहर में ब्लैक आउट हो गया था। दूसरे दिन आधे शहर की बिजली सप्लाई बहाल हो गई, लेकिन रेलवे लाइन के दूसरी ओर के मोहल्ला राजगढ़, रामनगर, बुद्धविहार, छाउछ, शिवकालोनी, गोटैयाबाग, देवकली रोड, मोतीपुर, बलदेवनगर आदि मोहल्लों में बिजली आपूर्ति लगातार ठप चल रही है। विभाग ने लखनऊ से दूसरा 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर मंगाया, जो पांचवें दिन बृहस्पतिवार को छाउछ पावर हाउस लाया गया। ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग व चार्जिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो शुक्रवार को लोड डालने दौरान ट्रांसफार्मर टेस्टिंग में फेल हो गया। इससे अभियंता शैलेंद्र कुमार ने खराब ट्रांसफार्मर को वापस भेजने का निर्णय लेते हुए संबंधित कंपनी से पुनः सही ट्रांसफार्मर मंगाया।

शनिवार की सुबह 8 बजे छाउछ पॉवर हाउस पहुंच गया। इसके बाद ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग व चार्जिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। एक्सईएन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शाम 5 बजे से 6 बजे तक ट्रांसफार्मर की चार्जिंग की जाएगी, जिसके बाद टेस्टिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। रात करीब 10 बजे ट्रांसफार्मर पर लोड डाला जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो आपूर्ति बाधित मोहल्लों में बिजली आपूर्ति सुचारू होने की उम्मीद है।

### लगातार देरी से सवालों में बिजली विभाग के अधिकारी

10 एमवीए क्षमता के एक ट्रांसफार्मर को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने में करीब एक सप्ताह का समय लगने से बिजली विभाग के अधिकारी सवालों के घेरे में हैं। रविवार की रात को छाउछ पावर हाउस में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद से बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशान हैं, लेकिन विभाग उन्हें राहत नहीं दे सका। लखनऊ से दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाने में ही चार दिनों का समय लग गया। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य क्षमता पर सवाल खड़े करते हुए उन्हें घेरा। सोशल मीडिया पर लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों की खिंचाई भी की है। दर्जनों मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। विभाग ने लोगों की परेशानी को कम करने के लिए दूसरे बिजलीघरों से रोस्टर के मुताबिक एक-दो घंटे के लिए इन मोहल्लों में बिजली आपूर्ति की जा रही है, लेकिन उससे भी समस्या दूर नहीं हो रही है।

### ईंट उतारकर घर वापस लौट रहा मजदूर ट्राली से गिरकर घायल

**मैलानी/पलिया, अमृत विचार:** ईंट भट्टे से ईंट खाली कर वापस आ रहा मजदूर ट्राली से गिरकर गंभीर घायल हो गया। थाना मैलानी के ग्राम कन्धईपुर निवासी रोहित (25) पुत्र शिवचरन निकट ही एनएएस भट्टे की ट्रॉली पर ईंट भरने उतारने का काम कर रहा था। शनिवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली में ईंटें भरकर पलिया गया था। पलिया में ईंटे उतारने के बाद वापस आते समय पालिया में मैलानी रोड पर ट्राली से उतरते समय वह फिसलकर ट्राली के पहिए के नीचे आ गया। ट्रैक्टर ड्राइवर जब तक रोक पाता तब तक ट्राली का पहिया उसकी कमर के ऊपर से ही निकल गया। जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर ईंट भट्ठा मालिक ने उसे मैलानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने रोहित की हालत गंभीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया। घायल रोहित के मैलानी पहुंचते ही ग्रामीणों की अस्पताल के बाहर भीड़ लग गई। परिजनों ने बताया रोहित की शादी छह साल पूर्व हुई थी।

# लोकतंत्र को खत्म करने के लिए हथकंडे अपना रही भाजपा: पांडेय

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** सपा के पूर्व मंत्री जयशंकर पांडेय ने कहा कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की जा रही है। चुनाव को जीतने के लिए बेईमानी की जाती है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है, इसलिए हर कार्यकर्ता को बहुत सावधान रहना होगा। उनके हथकंडे कामयाब नहीं हो पाएंगे। उन्होंने सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

वहीं धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने कार्यकर्ताओं को व्यवस्था परिवर्तन की शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सपा के पूर्व मंत्री जयशंकर पांडेय ने शनिवार को मोहम्मदी विधानसभा में बूथ स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने नगर के सिटी पार्क मैरिज लान में हुए बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर सत्ता को बदलने का आह्वान किया।




सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन की शपथ दिलाते पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया।

**▸▸ सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री जयशंकर पांडेय ने भरी हुंकार**

अयोध्या से आए पूर्व मंत्री व प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय ने बूथ अध्यक्षों से कहा कि समाजवादी विचारधारा एक ऐसी विचारधारा है, जो पूरी विश्व में चल रही है। लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि जो अधिकारी भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, वह अपनी मानसिकता बदल लें। सभा को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक रामचरण भार्गव, विशिष्ट अतिथि कृष्णा राज, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव, कार्तिक तिवारी, शहवाज अली, क्रांति कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष इकरार खां आदि ने संबोधित किया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** मोहम्मदी-शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित ग्राम धर्मपुर में एक पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मोहम्मदी लाया गया, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस चौकी मोहम्मदी प्रभारी बाबू राम ने बताया कि गांव धुरहा निवासी रंजीत (28), अपने पिता राम सिंह (60) और पुत्र शिवा (3) के साथ गांव नयाजाट अपनी रिश्तेदारी में आया था। सभी बाइक से वापस घर जा रहे थे। गांव धर्मपुर में एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। पुलिस सभी घायलों को लेकर सीएचसी मोहम्मदी पहुंची, जहां डॉक्टर ने बाइक चालक रंजीत को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# महिला समूह गठन के तीन माह बाद 15 हजार रिवाल्विंग फंड

## शक्ति वंदन अभियान के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की 21 महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



चाय पर चर्चा कार्यक्रम में मौजूद समूह की महिलाएं।



● अमृत विचार शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में चाय पर चर्चा में बोलते एनआरएलएम के डिप्टी कमिश्नर राजेंद्र प्रसाद श्रीवास।

**अमृत विचार:** शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वयं सहायता महिला समूह एवं एनजीओ के साथ शनिवार को चाय पर चर्चा कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिला समूहों व उनकी सदस्यों के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों एवं उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने महिलाओं की उपलब्धियों को लेकर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में समूह कैंडर की 21 महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डिप्टी कमिश्नर राजेंद्र प्रसाद

**▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

श्रीवास ने कहा कि एनआरएलएम के माध्यम से विशेषकर महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिला समूह गठन के साथ ही सरकार द्वारा उन्हें मदद देने की शुरूआत हो जाती है। उन्होंने बताया कि समूह गठन के तीन माह बाद समूह को 15 हजार रुपये रिवाल्विंग फंड दिया जाता है। छह माह बाद समूह को 1.10 लाख रुपये सीआईएफ फंड दिया जाता है। इसी तरह महिला समूह आगे बढ़ने के साथ ही अच्छी प्रगति करते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में लखपति दीदी योजना संचालित है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक समूह सदस्य को लखपति बनाना है। डिप्टी कमिश्नर ने जनप्रतिनिधियों से भी योजना के प्रचार प्रसार के लिए आह्वान किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने भी एनआरएलएम द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विचार रखे। एनजीओ और स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने चाय पर चर्चा के दौरान अपनी सफलता के बारे में अनुभव साझा किए। समूह सखी सीमा सिंह, रिंकी पाल, बुशरा खान ने विचार साझा किए। जनप्रतिनिधियों नेए समूह सदस्यों गोदावरी, शिल्पी, पूजा देवी, मेनका, अमृता सिंह, शिवानी सिंह, गीता देवी, सोमकली, पूनम विश्वकर्मा, शापनी पुष्कर, सविता देवी, अंजली, मोनी देवी, श्यामा देवी, बुशरा, पूजा विश्वकर्मा, जेबा खान, मुन्नी देवी, रेखा देवी, पिंकी गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमेश शुक्ला ने किया। संयोजक जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, महामंत्री रामजी मौर्य, कुलभूषण सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा में राम सीता विवाह का सुनाया प्रसंग



नीलकंठ मैदान की श्रीराम कथा में राम सीता विवाह की झांकी का मंचन करते कलाकार।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** स्वर्गीय विधायक अरविंद गिरि की स्मृति में हो रही श्रीराम कथा में कथा व्यास आचार्य देवेंद्र कृष्ण महाराज ने श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया तो कलाकारों ने झांकियों से मंचन किया। नीलकंठ मैदान में हो रही श्रीराम कथा में आचार्य देवेंद्र कृष्ण महाराज ने श्रीराम के विवाह का वर्णन करते हुए सुनाया कि राजा जनक ने सीता स्वयंवर के लिए शिवजी के धनुष को तोड़ने का प्रण किया। जिस पर तमाम राजा महाराजा आए जो शिव धनुष को हिला तक न सके। तब राजा जनक व्याकुल होकर बैठ गए, तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम उठे और शिवजी के धनुष को तोड़ दिया। दर्शकों ने श्रीराम सीता स्वरूप की आरती उतारी। लाल्हापुर प्रधान जनार्दन गिरि, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, रामगुलाम पांडे, रामआसरे अवस्थी, सुरेंद्र शर्मा, आदेश कुमार, कपिल भारती, सचिन सिंह, राजेंद्र मिश्र, संजू गिरि, पंडित दिनेश शुक्ला, जगदीश प्रसाद विधायक अमन गिरि के परिजन मौजूद रहे।


सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी हर बुधवार सीतापुर में
निकट बस अड्डा, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, सीतापुर मो.-9919792325


# थाना स्तर पर ही शिकायतें निस्तारित कराएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**▸▸ थाना समाधान दिवस में जमीन के तीन मामलों में मौके पर भेजी गईं राजस्व टीमें**

**▸▸ थाना खीरी, कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं दिए निस्तारण के निर्देश**

**▸▸ डीएम ने कहा- मामला गंभीर मिले तो तहसीलदार और एसडीएम को बताएं**



थाना खीरी में समस्या को सुनते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा।

**अमृत विचार:** शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस के मौके पर शिकायतें सुनीं गईं। थाना खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जमीन विवाद के तीन मामले सुनें और राजस्व टीमों को मौके पर भेजकर इन मामलों में आख्या तलब की है। मामला गंभीर हो तो तत्काल तहसीलदार और एसडीएम को बताने के निर्देश दिए हैं।

डीएम और एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना खीरी और थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनों अफसरों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं है। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्व कर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, सीओ सदर सुबोध जायसवाल सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम, एसपी थाना कोतवाली पहुंचे, फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जमीन के विवाद के मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में कराएं। नायब तहसीलदार दिनेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

**गोद लिए गांवों के स्कूलों में डीएम ने एसपी संग चखा मिड डे मील : लखीमपुर खीरी।** शनिवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपने गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र और प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय की शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायजा लिया। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय रत्तासराय का स्थलीय भ्रमण किया। एसपी द्वारा गोद लेने के उपरांत विद्यालय परिसर में कराएं कार्यों को देखा और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम-एसपी ने मिड डे मील को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। इस दौरान विद्यालय परिसर में झूला सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने एसपी संग शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेड मास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

डीएम ने निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। डीएम ने एसपी गोद लिए संविलियन विद्यालय नगर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन, साफ सफाई, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन नं. : 9520876126
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
• आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
• मोतियाबिन्द का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
• मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
• यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखंड हॉस्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बताकर आयें।
• मोतियाबिन्द के मरीज का इलाज मुफ्त।
• दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट : मुफ्त में ऑपरेशन कराने के लिऐ घर से आधार कार्ड, फोन नं. व कम्बल भी अवश्य साथ लायें तभी ऑपरेशन किया जायेगा।
नोट : निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनों को उनकी जरूरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, वितरण की जायेंगी एवं नये रजिस्ट्रेशन भी किये जायेंगे।
दिनांक : 12 फरवरी 2024, सोमवार
समय : प्रातः 09:30 से 1:00 बजे तक
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से -
• सभ्यता वर्मा, ब्लॉक प्रमुख, मरौरी • स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक, 128-बरखेड़ा विधान सभा, पीलीभीत
• डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता, एम.एल.सी. पुवायाँ
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो.नं. 8534088093


## कांग्रेस ने पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**पलियाकलां, अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष आबिद हुसैन खां को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का जिला उपाध्यक्ष, त्रिकोलिया निवासी आदिल खां को जिला महासचिव एवं भीरा निवासी मोहम्मद शाहिद खां को जिला सचिव मनोनीत किये जाने पर सम्मान सभा का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सचिन कुमार शाह, वरिष्ठ कांग्रेसी विनोद गुप्ता, अमर गुप्ता, सौरभ गर्ग, रामचंदर, रामू त्रिवेदी, रामलखन सिंह, आकिब खां, गुरनाम सिंह, गुड्डू खान, सौरभ चौबे आदि रहे।

## एसएसबी ने लगाया चिकित्सा शिविर

**महंगापुर/पलियाकलां, अमृत विचार :** एसएसबी 39 वीं वाहिनी की समवाय मिर्चिया व सुमेरनगर में दो दिवसीय निःशुल्क मानव व पशु चिकित्सा शिविर लगाकर दवाएं बांटी। एसएसबी के मिर्चिया एरानीनगर व सुमेरनगर समवाय द्वारा गिरधरपुरी आदि जगहों पर एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी डॉ शालिनी परिहार के अगुवाई में शिविर में लगभग 320 भैंस, गाय, बकरी आदि पशुओं का परीक्षण किया। मेडिकल कमांडेंट डॉ बृजेश कुमार की अगुवाई में मानव चिकित्सा शिविर में 56 लोगों का उपचार कर दवाएं दी गईं। उधर ग्राम कजरिया में 15 दिनों से 33 महिलाओं एवं युवतियों को दिया जा रहा ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण आज समाप्त हो गया।

## सार-संक्षेप

### 299 बच्चों ने दी नवोदय की प्रवेश परीक्षा



**मितौली।** कस्बे के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 व 11 के लिए रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को सकुशल संपन्न हो गई। प्राचार्य एसके सक्सेना ने बताया कक्षा 9 की 3 सीटों के लिए जिले भर से 416 बच्चों ने आवेदन किया था, जिसमें से 299 बच्चों ने परीक्षा दी। वहीं कक्षा 11 के लिए 24 बच्चों ने आवेदन किया था, जिसमें 11 बच्चे शामिल हुए।

### पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**गोला गोकर्णनाथ।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी पांच दिवसीय हुए शिक्षा नोडल शिक्षक प्रशिक्षण का समापन हो गया है। प्रशिक्षण में शिक्षकों को नई शिक्षा पद्धति से जागरूक किया गया है। ब्लाक संसाधन केंद्र कुंभी पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने 5 फरवरी को प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया था, जिसमें विकास क्षेत्र कुंभी के 100 नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। पांच दिन चले प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों से संबंधित सभी जानकारियों को विशेष शिक्षक जगतपाल, ओमप्रकाश, सुमनलता, प्रेमपाल गंगवार द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग, उनकी शिक्षा में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विजयपाल वर्मा, गिरीश चंद तिवारी, अनामिका तिवारी, शिखा तिवारी, पूनम रानी, प्रियंका वर्मा, नजीर अहमद, महफूज आलम, रामप्रताप, सर्वेश कुमार, चैतन्य कुमार, अंकिता वर्मा, कविता सेन, नीरज कुमार, नीरज वर्मा, राजीव वर्मा, साधना सिंह आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### नशामुक्ति का छात्र-छात्राओं को संकल्प दिलाया



**निघासन।** इस बार भी द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज में एक दिवसीय दीप यज्ञ व 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। स्कूल के बच्चों और गायत्री मिशन के लोगों ने आहुतियां डालीं। दीपयज्ञ प्रत्येक कक्षा में किया गया, जिसमें करीब 1100 दीयों को प्रज्वलित किया गया। प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को छात्र-छात्राओं के सामने रखा। युवाओं में बढ़ रहे नशे की समस्या को ध्यान में रखते हुए नशामुक्ति का भी संकल्प दिलाया गया। पुजारी दयाशंकर मौर्य, पुनीता सिंह, सावित्री मौर्य आदि ने कराया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टॉफ तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र व छात्राएं सहित अध्यापक मौजूद रहे।

